पत्रांकः– SPE/51/59/2026.3359

झारखण्ड सरकार
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड।
(जे.ई.पी.सी. प्रभाग)

प्रेषक,

उमा शंकर सिंह, भा.प्र.से.
सचिव।

सेवा में,

1. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड।
2. सभी जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड।

राँची, दिनांक 21/08/2026

विषयः– राज्य के सभी विद्यालयों में "राष्ट्रीय खेल दिवस 2026" के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के संबंध में।

प्रसंगः– शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार का पत्रांक F.N: 12-3/2026-SS.4 दिनांक 17.08.2026.

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अंकित करना है कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के प्रसंगाधीन पत्र द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर **दिनांक 28.08.2026 से 30.08.2026 तक "खेलेगा भारत, जीतेगा भारत" विषय पर 03 दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है।** इसका उद्देश्य बच्चों को खेल में भागीदारी हेतु प्रोत्साहित करना, फिटनेश एवं खेल उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देना है।

उक्त के आलोक में राज्य के **सभी कोटि के सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों एवं सभी निजी विद्यालयों** में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर दिनांक 28.08.2026 से 30.08.2026 तक **"खेलेगा भारत, जीतेगा भारत"** विषय पर 03 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसके अन्तर्गत निम्नवत् गतिविधियों का आयोजन किया जाएगाः–

| क्र. सं. | दिनांक | गतिविधियाँ | दायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | 28.08.2026 | 1. उर्जावान 29 चैलेंजः– यथा पुशअप, स्किपिंग, प्लांक चैलेंज।<br>2. पास द बॉल और स्पोर्ट्स बंधन<br>3. कला गतिविधियाँः– खेल से स्वास्थ विषय पर स्लोगन/नारे, निबंध प्रतियोगिता।<br>4. सांकेतिक एवं पारंपारिक खेल प्रदर्शनः– योग/मास पिटी/मार्शल आर्ट, रस्सा–कसी, तीरंदाजी। | प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षक/नोडल शिक्षक |
| 2 | 29.08.2026 | 1. मेजर ध्यानचंद जी को पुष्पांजलि।<br>2. मेजर ध्यानचंद जी का जीवन परिचय, स्वास्थ एवं खेल, खेल एवं जीवन में अनुशासन पर संबोधन– शिक्षक एवं छात्र द्वारा।<br>3. खेल शपथ ग्रहण एवं मार्च पास्ट (हाउसवार)<br>4. खेल प्रतियोगिताएँ–<br>• वर्ग 1–5 : 50 मीटर दौड़, बोरी दौड़, तीन टांग दौड़, चम्मच–गोली दौड़, कैरम, लूडो। | प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षक/नोडल शिक्षक |

| क्र. सं. | दिनांक | गतिविधियाँ | दायित्व |
|---|---|---|---|
| | | • वर्ग 6–8 : 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, कबड्डी/खो–खो, शतरंज, टेबल टेनिस<br>• वर्ग 9–12 : 400 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, फुटबॉल/हॉकी/ कबड्डी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल।<br>• छात्र शिक्षक मैत्री खेल : रस्साकशी, क्रिकेट/फुटबॉल, म्यूजिकल चेयर<br>• पुरस्कार वितरण | |
| 3 | 30.08.2026 | "Sundays on Cycle"– स्वास्थ्य केंद्रित रैली और भारत ने BRICS की अध्यक्षता ली है, इसलिए इस दिन भारत की खेल संस्कृति को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से विशेष दौड़ आयोजित होगा। | प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षक/नोडल शिक्षक |

नोटः–

1. **कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु राज्य के सभी विद्यालयों के छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए।**
2. खेल सामग्री, प्राथमिक उपचार, पेयजल एवं सुरक्षा की व्यवस्था पूर्व से की जाए।
3. आयोजन की फोटो एवं संक्षिप्त प्रतिवेदन जिला शिक्षा परियोजना कार्यालय के माध्यम से राज्य परियोजना कार्यालय को प्रेषित किया जाए।
4. विद्यालयों में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम का प्रचार प्रसार सोशल मीडिया, प्रींट मीडिया एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया पर व्यापक रूप से किया जाए।
5. कार्यक्रम संबंधी सभी कार्यवाही विद्यालय प्रधानाध्यापक/ प्रभारी प्रधानाध्यापक/ शारीरिक शिक्षा शिक्षक/ नोडल शिक्षक द्वारा किया जाएगा।
6. प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार/ मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा।
7. दिनांक 28.08.2026 (रक्षाबंधन) एवं दिनांक 30.08.2026 (रविवार) को अवकाश है उक्त दिवस को प्रातः 09:00 से 01:00 बजे तक विद्यालय खुला रहेगा, इसी दौरान सभी गतिविधियों का आयोजन किया जाए। अवकाश के दिनों में किए गये कार्य के विरुद्ध शिक्षकों/ शिक्षकेत्तर कर्मियों को नियमानुसार क्षतिपूरक अवकाश देय होगा।

अतः राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के अवसर पर विद्यालय स्तर पर उपरोक्त गतिविधियों का संचालन करना सुनिश्चित करेंगे।

अनुलग्नकः– यथोक्त।

विश्वासभाजन

20/08/26

(उमा शंकर सिंह)

सरकार के सचिव।

ज्ञापांकः– SPE/51/59/2025..3359 राँची, दिनांक..21/08/2026..

प्रतिलिपिः–

1. सभी क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक को सूचनार्थ प्रेषित।
2. सभी उपायुक्त, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय को सूचनार्थ प्रेषित।
4. निदेशक, प्राथमिक शिक्षा निदेशालय को सूचनार्थ प्रेषित।
5. राज्य परियोजना निदेशक, झा.शि.प.प. को सूचनार्थ प्रेषित।

20/08/26

(उमा शंकर सिंह)

सरकार के सचिव।